### एक नजर में

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा : सांसद कार्यालय पर मिठाई खिलाकर दी बधाई की आतिशबाजी




**बुरहानपुर।** हेमंत खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भाजपा का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान जी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित निर्वाचन समारोह में उन्हें प्रमाण पत्र दिया और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। बुरहानपुर के सांसद कार्यालय पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की मिठाइयां बाटी और जश्न मनाया है। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल के निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी तथा उनका मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पार्षद गण, कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## दीपाली पंडित बनी आर्ट आफ लिविंग के इन्ट्यूशन प्रोग्राम की प्रशिक्षिका, आज होगा सम्मान



**मारवाडी कॉलोनी में आयोजित आज के सत्संग में होगा अभिनंदन ।**

**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग का प्रति गुरुवार होने वाला सत्संग आज रात्रि 9 बजे राजस्थानी भवन के सामने स्थित मारवाड़ी कालोनी में संस्था के सदस्य रामस्वरूप पोद्दार के निवास स्थान पर आयोजित किया गया है। संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और ऋषि पोद्दार ने बताया कि आज के सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्राफए भरत रावलए विजय दुब्बानीए राजेन्द्र पवारए शेखर बोहराए राजरानी मेहताए अश्विनी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगें। संस्था के प्रशिक्षक स्नेहा मूंगी और रविंद्र पण्डित द्वारा संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा आगामी सप्ताह में गुरु पूर्णिमा उत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के विषय पर भी चर्चा होगी।


**सत्संग के अंतर्गत होगा सम्मान :-** आर्ट ऑफ़लिविंग संस्था में एक दशक से भी अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रही प्रशिक्षिका दीपाली रविन्द्र पंडित को 17 दिन के प्रशिक्षण के बाद बेंगलूर आश्रम से बच्चों के इंटूयूशन प्रोग्राम का प्रशिक्षण देने हेतु अधिकृत करते हुए प्रशिक्षक बनाया गया है। अभी तक आप आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम की प्रशिक्षिका के रूप में शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। अब यह अतिरिक्त जिम्मेदारी हेतु संस्थापक सद्गुरु श्री श्री रविशंकर जी ने इन्हें योग्य पाया है। अब आप 8 से 17 वर्ष तक के बच्चों को भी आर्ट ऑफ़ लिविंग के इन्ट्यूशन प्रोग्राम सहित विभिन्न कोर्स सिखा सकेगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था की ओर से आज सत्संग में प्रशिक्षिका दीपाली पंडित का अभिनंदन भी किया जाएगा। संस्था के फ़ाउंडर मैम्बर लक्ष्मण मित्तल, योगेश्रॉफ, प्रशिक्षक सतीश चौधरी, रजनी अग्रवाल, माधव गवई, संजय मुंगी, धर्मेन्द्र जड़िया, गजेंद्र अग्रवाल, दीपेश पाटीदार, आशिष कापड़िया, सत्यनारायण लड्ढा ने आज के इस विशेष सत्संग में समस्त संस्था के सदस्यों और नगर वासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## 14 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को पकड़ा



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक स्थाई वारंट तामील करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर स्थाई वारंट तामील किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस को वर्ष 2012 के अपराध क्रमांक 91/2012 धारा.420,467, 471,468,120 बी आयपीसी मे 14 साल से चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। लालबाग पुलिस टीम द्वारा आरोपी सतीश कापड़िया उम्र 58 सालआदर्श कॉलोनी लालबाग बुरहानपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वारंट तामिली में निरीक्षक अमित सिंह जादौन, उप निरीक्षक जयपाल सिंह राठौर, प्रधान आरक्षक अजय वारूले, आर नितेश सपकाडे, सायबर सेल से आर. दुर्गेश पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

## ताप्ती मैया को भक्तों ने ओढ़ाई चुनरी



**नेपानगर।** मां ताप्ती जन्मोत्सव आषाढ़ सप्तमी तिथि के अवसर पर बुधवार को श्री योगेश्वर महादेव मंदिर में माताजी का पूजनए अभिषेक और आरती हुई। ताप्ती घाट पर जहां पूजाए अर्चना का दौर चला तो वहीं मां ताप्ती को चुनरी भी ओढ़ाई गई। जय मां ताप्ती संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे कलश यात्रा भी निकाली गई। नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटीलए राजू महाराजए एकनाथ महाराजए वैशाली पाटीलए उमेश सोनीए विलास पटेलए रमेश भाईए सुरेश भाईए लक्ष्मण भाई सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में हुई कार्यशाला

**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस पंडित जवाहरलाल नेहरु शासकीय महाविद्यालय नेपानगर में नवागत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ के दूसरे दिवस पर नई शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ संजीव कुमार सपकाले ने कहा कि नई शिक्षा नीति वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है। आप सभी भाग्यशाली है कि नई शिक्षा नीति बहु पाठ्यक्रम प्रणाली का अनूठा संगम है। पुरानी शिक्षा नीति में स्नातक स्तर पर तीनों वर्षों तक उत्तीर्ण करना अनिवार्य थाए बीच मे छोडने परए पुन: प्रथम वर्ष से प्रवेश लेना था।

# ताप्ती जन्मोत्सव : ओढ़ाई 101 मीटर लंबी चुनरी, राजघाट, नागझिरीघाट, बालाजी घाट पर पूजन







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** सुर्यपुत्री मॉ ताप्ती नदी राजघाट पर ताप्ती जन्मोत्सव पर शाम 4 बजे सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रसिद्ध उद्योगपती कमल नयन लाड़ परिवार द्वारा सपत्निक पुजा , अर्चना कर विधी विधानपूर्वक 101 मीटर लंबी चुनरी मां ताप्ती राजघाट पर ओढ़ाई गई। इस दौरान मां ताप्ती की महाआरती की गई।

इस अवसर पर पंडित तपन पाठक , राम धारी मितल, हरिओम अग्रवाल, अशोक अगवाल, डॉ मनोज अग्रवाल, श्रीमती सरिता भगत, धर्मेंद्र सोनी, नंदकिशोर वाले, अभय बालापुरकर, राजीव खेडकर, विजय राठौर, देवि दास राठोर सहित अन्य उपस्थित रहे। जन्मोत्सव कार्यक्रम में ताप्ती सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत ने बताया कि ताप्ती मैया का अलग महत्व है। इसे आदि गंगा भी कहा जाता है। इसे छोटा काशी भी कहा जाता है।

### तापति जी श्री यमुना जी की बहन है यहां किया गया तर्पण सर्वाधिक अति उत्तम है . श्री हरिकृष्णा मुखिया



भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने बताया कि हम सभी बहुत भाग्यवान है कि हमारा जन्म ताप्ती किनारे पर हुआ है जहां ताप्ती जी निरंतर बहती रहती है हमारे यहां जो परियोजना है वह भी ताप्ती परियोजना है जिसके लिए अच्छे से अच्छे प्रयास किये जा रहे हैं ताप्ती जी का पूजन मुझे जहां तक याद है जब से होश संभाला है सर्वप्रथम ताप्ती जी का पूजन श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर की तरफ से प्रारंभ हुआ है । आज पुरा बुरहानपुर जागृत हो गया है और सभी अलग.अलग संगठन द्वारा समूह द्वारा ताप्ती जी का पूजन करते हैं चुनरी ओढ़ा ते हैं ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है नहीं तो पहले केवल नर्मदा जी का जन्मोत्सव पेपर में पढ़ते थे लेकिन आज ताप्ती जी का जन्म उत्सव अलग अलग संस्था पेपर में पढ़ने से बहुत मन को प्रसन्नता होती है आप सभी इसी तरह प्रतिवर्ष तापी जी का पूजन करते रहे क्योंकि हमारा अंतिम लक्ष्य ताप्ती किनारे है मैं बार.बार बोलता हूं के तापति जी श्री यमुना जी की बहन है यहां किया गया तर्पण सर्वाधिक अति उत्तम है इसलिए जब भी घर में किसी का स्वर्गवास हो जाए उसका अंतिम संस्कार अंतिम क्रिया सभी विधि तापी जी के घाट पर ही होना चाहिए क्योंकि ता पी जी का अपना एक अलग महत्व है सभी वैष्णो द्वारा तापी जी की जय जय कार मुख्याजी द्वारा किया गया। मैं बचपन में एक कहावत जो विद्यार्थी था स्कूल में पड़ी थी विद्या विनय न सोबती विद्या जितनी विनय से ग्रहण करोगे उतनी आपको ज्ञान देगी इसलिए जीवन में सबसे ज्यादा विनयता रखे।

**बालाजी घाट पर ताप्ती जन्मोत्सव :-** आज प्रतिवर्षानुसार सतियारा स्थित बालाजी घाट पर आषाढ़ शुक्ल सप्तमी के दिन ताप्ती प्रभात संघ द्वारा ताप्ती जन्मोत्सव बड़े उत्साह एवम् धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मां ताप्ती का दुग्ध अभिषेक कर आरती की गई।

ताप्ती प्रभात संघ के राजेंद्र शाह ने बताया कि सूर्य के धर्म से उत्पन्न होने के कारण इनका नाम ताप्ती पड़ा एंव सृष्टि की प्रथम होने का महत्व ताप्ती नदी को मिला जल के रूप में प्रकट होने से संपूर्ण भूलोक का संताप दूर कियाए इस कारण सूर्यपुत्री मां ताप्ती कहलाती है। माँ ताप्ती जयंती पर ताप्ती प्रभात संघ के सभी सदस्यो ने मां ताप्ती को साफ, स्वच्छ, अविरल रखने का संकल्प लिया।

**परिजनों सहित किया नागझीरी घाट पूजन:-** श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर की ओर से भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया, श्री गिरी महाराज, पुष्करा नंद, बाल्या महाराज, राजू भाई मुखिया, आदित्य भाई मुखिया, मुकेश भाई, दिनेश भाई पाटीदार, गिरीश भाई, ललित भाई, शुभम भाई, विनय भाई एवं सभी वैष्णव द्वारा तापी जी का पूजन अर्चन किया गया है। सभी वैष्णवजन मंदिर से सामूहिक ग्रुप में सभी भक्त जय जयकार करते हुए तापीजी पहुंचे, जहां पर आदित्य भाई मुखिया, हरि कृष्णा भाई मुखिया, राजू भाई मुखिया, मुकेश भाई पाटीदार ने परिवार सहित पूजन अर्चन किया।

## एफआईआर निरस्त नहीं हुई तो कांग्रेस करेंगी प्रदेशव्यापी प्रदर्शन : रिंकू टॉक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के खिलाफ दर्ज की गई फर्जी एफआईआर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ने आज एकत्र होकर ज़िला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने इस एफआईआर को असंवैधानिक और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक जी ने स्पष्ट कहा यदि यह फर्जी एफआईआर तुरंत वापस नहीं ली गई, तो मध्यप्रदेश के हर जिले में कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। यह केवल जीतू पटवारी पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने की साजिश है और कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एसपी बुरहानपुर से मुलाकात कर शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन देने के दौरा सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे जिसमे मुख्य रूप से रिंकू टॉक जी जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह , अजय रघुवंशी , इंद्रसेन देशमुख, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव , श्रीमती सरिता भगत, श्रीमती मीनाक्षी महाजन, सलीम कॉटन वाला , हर्षित ठाकुर , पार्षद मुज्जु मीर , ज़ाहिर अब्बास , शाहिद बंदा , आरिफ़ खान, आसिफ़ खान, नोमान खान , हफ़ीज़ मंसूरी , हमीद डाइमंड , अब्दुल्ला अंसारी, इनाम अंसारी, शेख असगर , शेख आरिफ़ , निखिल खंडेलवाल, श्रीमती शैली कीर , शेख रुस्तम, आशीष भगत, वसीम बक्स, साजिद अंसारी, असलम खान , अरुण महाराज जोशी, शेख इमरान, शहज़ाद नूर , हेमंत पाटिल , जमील चौहान , प्रमोद जैन , भावेश तोमर, सोराब कुरैशी , रफीक मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ने स्पष्ट किया है कि यह लड़ाई लोकतंत्र और सच्चाई की है, जिसे दबाया नहीं जा सकता।

## कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खाद्य दुकानों की जांच



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्ष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाली दुकानों का निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। वहीं अनियमित पाए जाने पर सूचना पत्र जारी कर नमूने लेने की करवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा बुधवार को नेपानगर स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीसाई नमकीन एवं कोल्डड्रिंक से घी, पेप्सी एवं स्टिंग कोल्डड्रिंक का नमूना लिया गया तथा 25 बोतल कोल्डड्रिंक एक्सपायर मिलने पर उन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया। इसी कड़ी में साईनाथ भोजनालय मातापुर बाजार से आटा और बेंसन का नमूना तथा शुभम नमकीन बुधवार बाजार से मटर का नमूना लेकर जांच हेतु भोपाल भेजा गया।

## भाला पहाड़ी और गौशाला पहाड़ी पर 20,000 पलाश बीजों का रोपण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** ग्राम डोंगरगांव तहसील बुरहानपुर की भाला पहाड़ी एवं गौशाला पहाड़ी पर एक प्रेरणादायक पर्यावरणीय पहल के अंतर्गत पलाश के 20,000 बीजों का सामूहिक रोपण किया गया। इस पुनीत कार्य में विद्यार्थियोंए ग्रामवासियोंए शिक्षकए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम एडीएम बुरहानपुर वीरसिंह चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बीजारोपण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, एसडीएम अजमेरसिंह गौड़, कृषि उपसंचालक एम.के.देवके, जनपद सीईओ दुर्गेश भूमरकर, नायब तहसीलदार राजेंद्र चौहान , कार्यालय अधीक्षक कलेक्टर ऑफिस प्रमोद मोदी, पटवारी अजेंद्र यादव, सरपंच नेमीचंद पवार, सचिव, बीईओ सुधाकर मांकुन्दे , स्थानीय कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी, गायत्री परिवार के मनोज तिवारी व संजय राठौड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय जैवविविधता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और भावी पीढ़ियों को एक हरित विरासत सौंपना है।

## एक्सपायरी डेट की कोल्ड्रिंग्स मिलने पर सील कराई थी दुकान, सैंपल लिए



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** नगर में एक दिन पहले एक्सपायरी डेट की कोल्डिंग्स मिलने पर नेपानगर तहसीलदार ने मनोज टॉकिज क्षेत्र स्थित एक किराना दुकान सील करा दी थी। दूसरे दिन बुधवार को यहां बुरहानपुर से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने किराना दुकान पर पहुंचकर उत्पादों की जांच की तो 25 पेय पदार्थ एक्सपायरी डेट के निकले जिसे तुरंत ही नष्ट कराने की प्रक्रिया की गई। साथ ही विभाग की टीम ने यहां से पेप्सीए कोल्डिंग्स और घी के तीन सैंपल लिए।

दरअसल एक दिन पहले मंगलवार रात नेपानगर तहसीलदार दिनेश भेवंदिया ने एक कर्मचारी से कोल्डिंग्स मंगवाया। तहसीलदार के अनुसार बीड़ क्षेत्र में जहां तहसील कार्यालय है वहां कोल्ड्रिंग्स नहीं मिलता तब एक कर्मचारी मनोज टॉकिज क्षेत्र पहुंचा और कोल्डिंग्स लायाए लेकिन पीने में उसका स्वाद काफी खराब लगने पर उसकी एक्सपायरी चेक की तो यह जून माह की थी। तब टीम के साथ मनोज टॉकिज क्षेत्र स्थित सांई किराना पहुंचे। पुलिस टीम को बुलाया गया। पंचनामा बनाकर दुकान सील कराई गई। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम को सैंपल लेने के लिए कहा था। बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अधिकारी कमलेश डाबर ने यहां पहुंचकर उत्पादों की जांच की। जांच के दौरान उन्हें 25 कोल्ड्रिंग्स की बॉटलें एक्सपायरी डेट की मिली जिन्हें उन्होंने पंचनामा बनाने के बाद नष्ट किया। साथ ही तीन सैंपल लिए गए।

## कर्मचारी संघ ने किया सुनील वाणी का सम्मान



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ बुरहानपुर के आजीवन सदस्य सुनिल वाणी सहायक कार्यालय अधीक्षक, प्रभारी लेखापाल के सेवा निवृत्त होने पर उसका सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के दिलीप इंगले व्दारा सुनिल वाणी का शॉलए श्रीफल, पुष्प गुच्छ देकर उनके सेवाकाल में किए गए कार्यों को सराहा। इस अवसर पर नेपानगर प्रभारी देवीदास विश्वकर्मा, पूर्व सीएमओ धीरेन्द्रसिंह सिकरवार, मप्र राज्य कर्मचारी संघ नेपानगर ईकाई अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तवंर, सुनिल कोटवे, कासिफ पिंजारी, विजय महाजन, कैलाश राठौरए हरीश जोशी, सुरेश पवार, अनिल जायसवाल आदि मौजूद थे।

## जंगलों की लूट के खिलाफ आदिवासी और किसानों को एकजुट होकर विरोध करना होगा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** एक ओर सरकार पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिले में वन कटाई, अतिक्रमण और जल संकट ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। इन्हीं चिंताओं को लेकर जंगल बचाओ समिति, बुरहानपुर ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन एडीएम वीर सिंह चौहान को सौंपा। इस दौरान सोहन सैनी, संजय विजयवर्गीय, विनोद पाटिल, पूर्व विधायक ठा.सुरेन्द्र सिंह सहित सैकड़ो आदिवासी मौजूद रहे। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि वन अधिकार अधिनियम 2005.06 के तहत अधिकांश पात्रों को पट्टे दिए जा चुके हैं और शेष निरस्त दावों की दोबारा जांच में कोई पात्र नहीं मिला। बावजूद इसके कुछ तत्वों द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। माधुरी बैन जैसे बाहरी तत्वों की भूमिका की जांच हो। साथ ही जंगलों में कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

समिति का आरोप है कि माधुरी बैन, जो खुद को पर्यावरण और आदिवासी हितैषी बताती हैं, वास्तव में अवैध अतिक्रमण को संरक्षण दे रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि 2017.18 से उनकी सक्रियता के बाद वनों की अवैध कटाई में जबरदस्त वृद्धि हुई है। उनके नाम पर प्रशासन पर लगातार प्रदर्शनए ज्ञापनए प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से दबाव बनाया जाता हैए जिससे अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई रुकती रही। बुरहानपुर जो कभी दूध उत्पादन और कृषि में अग्रणी थाए अब जल संकट और खराब फसल का शिकार है। ग्रामीणों का दावा है कि पहले 500 फीट में पानी मिलता थाए अब 1000 फीट खुदाई पर भी बोरिंग खाली निकल रही है। सिवलए डाभियाए बदनापुरए घाघरला सहित 50 गांवों में खेती चौपट हो गई है। हवाए आंधी और ओलों के कहर से वार्षिक नुकसान करोड़ों में पहुंच चुका है। जिले में अवैध वन कटाई केवल पर्यावरण को ही नुकसान नहीं पहुँचा रहीए बल्कि अब यह कानून व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। जंगल बचाओ समिति द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जंगलों पर कब्जा करने वाले अब सीधे तौर पर अपराध में भी लिप्त हो चुके हैं। ज्ञापन के अनुसार जब से वनों में अतिक्रमण बढ़ा हैए तभी से कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दी जा रही है।

**ग्राम पाचौरी के भ्रमण** — कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्राम पाचौरी का भ्रमण

# अवैध हथियार निर्माण पर रोकथाम हेतु ग्रामीणों को चौपाल लगाकर किया जागरूक





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह बुधवार को ग्राम डोईफोड़िया एवं पाचौरी के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम डोईफोड़िया स्थित पीएमएफएमई योजना अंतर्गत गेहूं प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने यूनिट संचालक से गेहूं प्रोसेसिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

तत्पश्चात् कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ग्राम पाचौरी पहुंचे। ग्राम पाचौरी के भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं ग्रामीणों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रेरित करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों से दूर रहकर सभी को समाज और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अनेक स्वरोजगार योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लेकर युवा अपने लिए रोजगार के अवसर सृजित कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने सिकलीगर समाज के युवाओं से संवाद कर उन्हें समझाइश दी कि अवैध हथियार निर्माण एक गंभीर अपराध है, जिससे न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि खराब होती है, बल्कि पूरे समाज की पहचान भी प्रभावित होती है ।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लें एवं तकनीकी प्रशिक्षण लेकर वैध रोजगार अपनाएं और अपने बच्चों को भी वैध, सम्मानजनक रोजगार की दिशा में प्रेरित करें। ग्रामवासियों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए सकारात्मक सहयोग योजनाओं में भागीदारी का आश्वासन दिया ।

इस दौरान डीएफओ बुरहानपुर विद्यय भूषण, सुश्री लता शरणागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भागीरथ वाखला अनुविभागीय अधिकारी, सुश्री वंदना कैथल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ फॉरेस्ट अजय सगर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, संचालक कृषि विभाग, पशु चिकित्सा अधिकारी, संचालक उद्यानिकी विभाग, प्रबंधक आजी विका मिशन, थाना प्रभारी थाना खकनार अभिषेक जाधव एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहे।